मुझे याद है वो दिन खाटू श्याम भजन लिरिक्स

मुझे याद है वो दिन,

दोहा – हम प्रेमी हैं श्याम के,
गर्व से कहते हम,
श्याम का प्रेमी बनूँ हमेशा,
लूँ मैं जब भी जनम।

मुझे याद है याद है,
याद है वो दिन,
मुझे याद है,
ना मंज़िल था ना ही ठिकाना,
ना था कोई सहारा,
सांवरिया ने बदल दी किस्मत,
करके एक इशारा,
मुझे याद हैं याद है,
याद है वो दिन,
मुझे याद हैं।bd।

तर्ज – दे दे प्यार दे।

देखि मैंने दुनिया दारी,
देखे रिश्ते नाते,
सुख के साथी हैं सब सारे,
दु:ख में नज़र ना आते,
देखा मैंने सबसे अलग है,
मेरा खाटू वाला,
जब हँसते थे अपने मुझपे,
इसने मुझे संभाला,
मुझे याद हैं याद है,
याद है वो दिन,
मुझे याद हैं।bd।

हम निर्धन का सेठ सांवरा,
है विश्वास हमारा,
मौज से गुज़रे अब दिन मेरे,
जबसे दिया सहारा,
मुझ हारे को जीत का तोहफा

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com

देके हंसना सिखाया,
अपनी कृपा के फूल से मेरा,
ये जीवन महकाया,
मुझे याद हैं याद है,
याद है वो दिन,
मुझे याद हैं।bd।

जबसे मैंने खाटू धाम की,
माटी माथे लगायी,
इस पावन माटी ने मेरी,
मुश्किल दूर भगाई,
यहाँ के कण कण वास प्रभु का,
'कुंदन' इतना जाने,
हर प्रेमी के मन की भाषा,
सांवरिया पहचाने,
मुझे याद हैं याद है,
याद है वो दिन,
मुझे याद हैं।bd।

मुझे याद है वो दिन,
मुझे याद है याद है,
याद है वो दिन,
मुझे याद है,
ना मंज़िल था ना ही ठिकाना,
ना था कोई सहारा,
सांवरिया ने बदल दी किस्मत,
करके एक इशारा,
मुझे याद हैं याद है,
याद है वो दिन,
मुझे याद हैं।bd।

Singer – Sumitra Banerjee

समस्त भजनों के लिरिक्स और विडियो बिना इन्टरनेट के भी अपने मोबाइल में देखने के लिए गूगल प्ले स्टोर या एप्पल एप्प स्टोर से 'भजन डायरी एप्प' जरुर इनस्टॉल करे। वेबसाइट - https://www.bhajandiary.com